हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 बच्चों को एनीमिया से बचाने के लिए अल्बेंडाजोल की खुराक जरूरी



12 गणेशोत्सव की तैयारी शुरू, विभिन्न स्वरूपों में आकार ले रही मूर्तियां





B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24

# थाना परिसर में कबाड़ वाहन के बीच मिला महिला का कंकाल, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

स्थानीय थाना परिसर में 28 अगस्त को उस समय अचानक हड़कंप मच गया, जब दुर्घटनाग्रस्त एवं कबाड़ हो चुके वाहनों के बीच एक नरकंकाल मिलने की जानकारी मिली। एकायक किसी को समझ नहीं आया कि नर कंकाल कहां से आया और किसका है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना ग्रस्त वाहनों की गणना करते समय नरकंकाल देखा गया। तत्पश्चात इसकी जानकारी थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे को दी गई। पुलिस को कंकाल के पास से जो कपड़े मिले हैं उससे यह तो पता चल गया कि वह किसी महिला का है, लेकिन वह थाना परिसर में कैसे आयी, किसी को समझ में नहीं आ रहा था। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज व गुम इंसान के मामले को खंगालने लगे। सीसीटीवी फुटेज में एका वृद्ध महिला को आते देखा गया, लेकिन उसके वापस जाने के फुटेज नहीं है, जिसके आधार पर सिमगा शीतला पारा निवासी खिलावन देवांगन को बुला कर शिनाख्त करायी गई, जिसमें उन्होंने कंकाल के कपड़े व हाथ की कलाई में चुड़ी को पहचान कर बताया कि वह उसकी मां का है। तब कहीं जाकर पुलिस विभाग ने राहत की सांस ली।

यहां यह बताना जरूरी है कि 1 अगस्त को शीतला पारा निवासी खिलावन देवांगन ने सिमगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कपड़े और चूड़ी से महिला की पहचान हुई





### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

सिमगा पुलिस जिस लापता बुजुर्ग महिला को पिछले 28 दिनों से ढूंढने का काम कर रही थी उसकी लाश थाना परिसर में मिली, तो इतने दिनों तक जांच के नाम पर पुलिस ने क्या किया। जिस स्थान से कंकाल को बरामद किया गया, उसके समीप पुलिस कर्मियों का वाहन स्टैंड है, जहां पर वे अपने दोपहिया वाहन को प्रतिदिन खड़ा करते हैं। इतने दिनों में कैसे किसी ने भी वृद्धा की सड़ी गली लाश की बदबू नहीं आयी। यह सोचनीय विषय है।

## खबर संक्षेप

### भुनेश्वरी को मिली रंगोली स्पर्धा की ट्रॉफी





**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान अंतर्गत कसडोल के वनांचल क्षेत्र के गांव बल्दाकछार में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान पाने वाली छात्र भुनेश्वरी कमार को ट्रॉफी प्रदान की गई एवं शामिल होने वाले अन्य सभी लोगों को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल भी प्रदान किया गया। इसके साथ ही अन्य विभागों के सहयोग से कमार जनजाति परिवारों विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त आयोजन आदिवासी विकास विभाग द्वारा किया गया। इस मौके पर स्कूल एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित।

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** पिथौरा थाना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करते एक युवक को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि मुखबिर की सूचना पर 28 अगस्त को आरोपी चंद्रकुमार डडसेना पिता कार्तिकराम डडसेना (34 साल) निवासी ग्राम सरकड़ा के कब्जे से दो थैला में रखा 30 पौवा यनिक देशी प्लेन को जब्ती कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर जेल भेज कार्रवाई किया गया है।

### बेटे ने पिता से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में पिता से बेटे ने मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज किया है। बिसाहू डहरिया ने पुलिस को बताया है कि हम पति-पत्नी के बीच विवाद होता देख मेरा छोटा लड़का धनेश मुझे गालियां देने लगा और जान से मार दूंगा कहते हुए हाथ मुक्का एवं लकड़ी के डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौके पर मौत

**महासमुंद।** सड़क क्रॉस कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 28 अगस्त की सुबह करीबन 5.45 बजे एनएच 53 नेशनल हाईवे हाडाबंद डबरी के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सोमनाथ विश्वकर्मा पिता केशव (28 साल) निवासी घोड़ारी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## आरोपियों ने शहर के टेउराम कॉलोनी में सोना-चांदी सहित लाखों रुपए की चोरी को दिया था अंजाम

# चोरी के आरोप में फरार एक अपचारी बालक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा टेउराम कॉलोनी भाटापारा में चोरी करने वाले एक अपचारी बालक सहित फरार 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर, अंदर आलमारी में रखे सोने, चांदी के आभूषण एवं नकदी सहित लाखों रुपए के सामान चोरी कर ले गए थे।

प्रकरण में पूर्व में बिलासपुर निवासी एक आरोपी सेंडी उर्फ संतोष को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में रुस्तम अंसारी 24 साल निवासी इमलीपारा बिलासपुर, रेहाना शेख 42 साल निवासी तोरवा बिलासपुर और एक अपचारी बालक शामिल हैं। पूर्व में आरोपी संतोष उर्फ सैंडी निवासी तोरवा बिलासपुर को गिरफ्तार किया गया था।पुलिस से मिली जानकारी के विजय सबलानी निवासी टेउराम कॉलोनी हेमू कल्याणी वार्ड भाटापारा द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 27 जुलाई को मैं पारिवारिक काम से रायपुर गया था। उसी रात चोरों ने मेरे घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोना, चांदी के आभूषण एवं नकदी रुपए चोरी कर लिया है। पुलिस ने धारा 331(4),305(A) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में एक आरोपी सेंडी उर्फ संतोष 21 वर्ष निवासी ग्राम देवरीडीह तोरवा बिलासपुर को गिरफ्तार किया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी फरार थे, जिनकी लगातार तलाश जारी थी। अन्य आरोपी बिलासपुर से भाग गये थे। घटना में शामिल बाकी आरोपियों का पता तलाश में शहर पुलिस ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। साथ ही महासमुंद, जांजगीर, रायपुर जिले की पुलिस टीमों से भी सतत संपर्क में रहकर आरोपियों का पता तलाश की जा रहा थी। इसी क्रम में प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों को पकड़ा गया। प्रकरण में शामिल अपचारी बालक पर बिलासपुर में चोरी के 5 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। साथ ही उसके द्वारा महासमुंद, जांजगीर एवं रायपुर जिले में भी चोरी की घटनाएं कारित की गई। आरोपियों से पूछताछ पर सभी ने एक साथ मिलकर भाटापारा शहर के टेउराम कॉलोनी में चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में 29 अगस्त को सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया। वहीं अपचारी बालक को संप्रेषण गृह भेजा गया।



### 14 तोला सोना सहित 2.70 लाख नकद बरामद

आरोपियों से लगभग 14 तोला सोना, नगदी 2.70 लाख रुपए सहित लगभग 14 लाख रुपए का मसरूका बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। चोरी की घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी एवं एक मोबाइल भी जब्त किया गया है।

# मशरूम निकालने गये युवक पर भालू ने किया हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी



- वन परिक्षेत्र अर्जुनी के अंतर्गत महराजी पुराना बेरियर के पास की है घटना

अर्जुनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महराजी के पुराना बेरियर के आगे मोड़ के पास जोंक नदी किनारे बुधवार सुबह ग्राम कौआताल निवासी युवक जगतराम पटेल पिता नम्मु 30 वर्ष एवं अपने भांजे जितेंद्र पटेल के साथ बाइक से पुटू मसरूम निकालने गया हुआ था। अचानक भालू ने जगतराम पटेल पर हमला कर दिया गया। घायल युवक बुरी तरह सिर, हाथ पैर में गंभीर चोटें आई है। घटना की जानकारी वहां से गुजर रहे ग्रामीणों हुई और आनन फानन में घटना की जानकारी वन विभाग को दिया गया। भांजे जितेंद्र पटेल ने बाइक में बैठाकर घायल मामा जगतराम पटेल को वन विभाग के महराजी के बंगला में ले जाया गया। मौके वन विभाग द्वारा घायल युवक को गिरौदपुरी के उप स्वास्थ्यकेंद्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने युवक की गंभीर स्तिथि को देखते हुए कसडोल के ▶▶ शेष पेज 11 पर

## महुआ शराब ले जाते 3 युवक गिरफ्तार



**गिधौरी।** पुलिस ने ग्राम मड़वा–गिरौदपुरी सड़क मार्ग पर घेराबन्दी कर स्कूटी के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध महुआ शराब ले जाते 3 शराब कोचियों को पकड़ा। आरोपियों से 10,400 रुपए कीमत की 52 लीटर महुआ शराब, शराब ले जाने में प्रयुक्त बिना नंबर का स्कूटी एवं 3 मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध चौकी गिरौदपुरी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय जेल भेजा गया। आरोपियों में अजय 25 साल, विकास 20 साल और अनूप रंजन 23 साल तीनों निवासी ग्राम कोसा थाना मूलमुला जिला जांजगीर-चांपा के रहने वाले हैं

# हथबंद पंचायत में चारों ओर गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

- सीईओ ने किया निरीक्षण, सचिव को सफाई कराने दिए निर्देश

जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद में चारों ओर गंदगी कचरों के ढ़ेर से बदबू फैलने की शिकायत के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण करने हथबंद पहुंचे। सीईओ दुबे पंचायत में चारों ओर फैली गंदगी को देखकर अचंभित हुए। उन्होंने बाजार में जगह–जगह फैली गंदगी सार्वजनिक शौचालय उपसरपंच के घर के सामने से 500 मीटर बनी नाली तथा सरपंच के घर के सामने मछली पसरा एवं नाली तथा सड़कों में फैली गंदगी एवं वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12 ,13, 14, 15, 16 में जल प्रदाय हेतु बनी जल मिशन योजना के कारण घर–घर नल योजना में राहत किए गए कार्यों में सड़कों को तोड़ने से फैली गंदगी बाजार चौक में फैली गंदगी सार्वजनिक शौचालय पंचायत के सामने की गंदगी स्वर्ण ▶▶ शेष पेज 11 पर



# बेकाबू बाइक की ठोकर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

- बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रुप से घायल

गिधौरी से भटगांव बिलाईगढ़ मुख्य मार्ग पर ग्राम घटमड़वा के शीत बाबा के पास गुरुवार शाम चार बजे के आसपास बिना नम्बर की लाल कलर की पल्सर तेजरफ्तार से गिधौरी से कुम्हारी तरफ जा रही थी, उसी बीच शीत बाबा मंदिर के पास एक युवक शराब पीकर सड़क पर खड़ा होकर आने जाने वाले को रोक रहा था। उसी बीच तेजरफ्तार बाइक सवार ने युवक को जबरदस्त ठोकर मार दिया, जिससे मौके पर युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है और बाइक सवार दोनों युवक की पहचान ओमप्रकाश विश्वकर्मा पिता दरस विश्वकर्मा 20 वर्ष ग्राम दर्री नवरंगपुर निवासी एवं विशाल मानिकपुरी पिता दुकालू मानिकपुरी 28 वर्ष कुम्हारी निवासी को गंभीर चोंटे लगी हुई है। घटना की जानकारी तत्काल गिधौरी पुलिस को दी गई और घायलों को एम्बुलेंस बुलाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली भेजा गया, जहां डाक्टरों ने कुम्हारी निवासी विशाल मानिकपुरी को कसडोल रिफर किया है और युवक दर्री, नवरंगपुर निवासी ओमप्रकाश विश्वकर्मा की नाजुक स्थिति होने से जिला अस्पताल बलौदाबाजार रिफर किया गया। गिधौरी पुलिस मौके पर पहुचंकर मामले की जांच एवं मृतक युवक की पतासाजी में लगी है।





## 5 लाख से अधिक बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाने का है लक्ष्य

# कलेक्टर सोनी ने बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर गुरुवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी, शासकीय अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, मदरसे, निजी स्कूल, केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों में 1 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों और किशोर–किशोरियों को कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल 400 मिग्रा का सेवन कराया गया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक सोनी ने बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम छुईया रैयतवाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर अपने हाथों से बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाई। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टीके जाटवार, डीपीएम सृष्टि मिश्रा, उपस्थित रहे। आमतौर पर बच्चों को दवाओं से डर लगता है, लेकिन आज बच्चों ने बड़े मजे से कृमि नाशक दवाई खाई। आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए आज त्यौहार जैसा माहौल रहा। नन्हें–नन्हें बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सोनी को कविताएं और गीत भी सुनाए। बच्चों में दवा खाने के लिए काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी पालकों से अपील करते हुए कृमि नाशक दवाई अपने बच्चों को सेवन अवश्य कराने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप अप दिवस 4 सितंबर निर्धारित किया गया है। इसमें 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा कर पानी में मिलाकर चम्मच में देना है। 2 से 3 वर्ष को ▶▶ शेष पेज 11 पर






# पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट बनाकर बेच रहा अधिक दाम पर, हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली स्थित च्वाइस सेंटर पर व्यक्तिगत आईडी से अवैध टिकट बुकिंग के मामले में संबलपुर रेलवे विजिलेंस टीम ने छापा मारा। टीम ने च्वाइस सेंटर को सील कर दिया है। संचालक के खिलाफ महासमुंद आरपीएफ ने अपराध दर्ज किया है। दरअसल, संबलपुर रेलवे विजलेंस की 5 सदस्यीय टीम बुधवार की सुबह 9 बजे से देर रात देवांगन च्वाइस सेंटर पर कार्रवाई करती रही। यह कार्रवाई पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट बुक करने के मामले में की गई है। रेलवे साइबर सेल ने पिछले कुछ महीनों से सुनील कुमार देवांगन (38) के नाम पर रेलवे टिकट बुकिंग होने की जानकारी संबलपुर विजलेंस टीम को दी थी।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# नगरीय प्रशासन : तबादलों के हफ्तेभर बाद एक दर्जन से अधिक के आदेश बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में हफ्ताभर पहले किए गए तबादला आदेश में कई संशोधन कर दिए गए हैं। बताया गया है कि एक दर्जन से अधिक अधिकारियों कर्मचारियों को जहां पदस्थ किया गया था, अब उन्हें वहां से हटाकर तबादला आदेश संशोधित कर दिया गया है। इसी बीच विभाग ने दो और तबादला सूची जारी कर दी है।

### इन तबादला आदेश में संशोधन

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 27 अगस्त को जारी तबादला सूची में 13 अधिकारियों कर्मचारियों को स्थानांतरित किया गया है। इसी सूची में 21 अगस्त को जारी तबादला आदेश का संशोधन भी जारी किया गया है। संशोधित तबादला सूची के मुताबिक भूपेंद्र उपाध्याय मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा को रतनपुर में पदस्थ किया गया था। अब इन्हें बिलासपुर में जोन आयुक्त बनाया गया है। ओमप्रकाश शर्मा प्रभारी सीएमओ सीतापुर को राजपुर में पदस्थ करने का आदेश निरस्त किया गया है। पुष्पा खलको को सीएमओ को भटगांव को सीतापुर में पदस्थ करने का आदेश था, अब इन्हें अंबिकापुर में राजस्व अधिकारी बनाया गया है। मुक्ता सिंह प्रभारी सीएमो को खोंगापानी में राजस्व उपनिरीक्षक बनाया गया था, अब इन्हे प्रभारी सीएमओ के रूप में मनेंद्रगढ़ में पदस्थ किया गया है। टामसन रात्रे सीएमओ महासमुंद को नरियारा में पदस्थ करने के आदेश में संशोधन करते हुए रायपुर निगम में राजस्व अधिकारी बनाया गया है। हेमलता जैन लेखापाल बालोद को प्रभारी सीएमओ डौडी लोहारा बनाया गया था, अब उन्हें यथावत बालोद में रखा गया है। मनीष कुमार सीएमओ को दल्ली राजहरा में पदस्थ करने का आदेश बदलते हुए अब उन्हें दुर्ग निगम में सचिव बनाया गया है। राकेश साहू

### कई अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले भी



राजस्व निरीक्षक कुम्हारी को शिवरीनारायण में प्रभारी सीएमओ बनाया गया था, अब उन्हें यथावत रखा गया है। अंजना वाईकिल्फ सीएमओ नई लेदरी को बैकुंठपुर पदस्थ करने का आदेश निरस्त करते हुए यथावत रखा गया है। संजय दुबे प्रभारी सीएमओ को नई लेदी में पदस्थ किया गया थाा, अब उन्हें बैकुंठपुर में प्रभारी सीएमओ बनाया गया है। विनम्र कुमार जेमा लेखापाल को डोंगरगांव से राजनांदगांव स्थानांतरित किया गया था, अब उन्हें प्रभारी सीएमओ डोंगरगांव पदस्थ किया गया है। रामवन प्रसाद नेता प्रभारी सीएमओ मारो को बोदरी में राजस्व उपनिरीक्षक बनाया गया था, अब उन्हें नरियारा में प्रभारी सीएमओ बनाया गया है।

### जारी हुई ये नई तबादला सूची

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 27 तारीख देर रात दो तबादला सूची जारी की है। विष्णु प्रसाद गहरवार प्रभारी सीएमओ को स्वच्छता निरीक्षक के मूल पद पर कसडोल में पदस्थ किया गया है। इशहाक खान प्रभारी सीएमओ मनेंद्रगढ़ से बैकुंठपुर, दादू सिंह प्रभारी सीएमओ डोंगरगांव से से चारामा, शिवप्रकाश उर्मलिया लेखापाल लोरमी से जनकपुर, तेजस्वी राज पटनायक सफाई दरोगा कुनकुरी से सहायक निरीक्षक कुसमी, रघुनाथ सिंह भदौरिया सफाई दरोगा कुनकुरी से साहयक राजस्व निरीक्षक कुसमी, प्रोद कुमार चक्रधारी सफाई दरोगा सूरजपुर से प्रतापपुर, हृदयलाल जायसवाल सफाई दरोगा चंदखुरी से रोहासी, सुरेश प्रसाद सिंह वाहन चालक जगदलपुर से रायगढ़, राकेश झलके पंप ऑपरेटर जगदलपुर से रायगढ़। खेल कुमार पटेल सीएमओ आरंग से समोदा, शीतल चंद्रवंशी सीएमो समोदा से आरंग, अमलदीप मिंज सीएमओ वाड्रफनगर से से पेंड्रा, चंन मानकर सीएमओ भखारा से फिंगेश्वर, कन्हैया निर्मलकर प्रभारी सीएमओ पेंड्रा से रतनपुर, भूपेंद्र कुमार वार्डेकर समाज कल्याण अधिकारी राजनांदगांव से प्रभारी सीएमओ दल्ली राजहरा, संतोष विश्वकर्मा प्रभारी सीएमओ फिंगेश्वर से भखारा, दयाशंकर गुप्ता सहायक वर्ग 2 राजपुर से प्रभारी सीएमओ वाड्रफनगर, योगेंद्र कुमार कर्ष प्रभारी सीएमओ बिलाईगढ़ से जैजेपुर, संतोष स्वर्णकार सहायक वर्ग 2 रायपुर से प्रभारी सीएमओ शिवरीनारायण, केशराम साहू सहायक वर्ग 2 फिंगेश्वर से प्रभारी सीएमओ देवकर, रविंद्र लाल सहायक राजस्व निरीक्षक अंबिकापुर से प्रभारी सीएमओ राजपुर, अशोक चौबे सहायक राजस्व निरीक्षक राजनांदगांव से प्रभारी सीएमओ डौंडीलोहारा बनाए गए हैं।*

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री को नुआखाई शोभा यात्रा का न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को नुआखाई पर्व शोभायात्रा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री को समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 3 सितम्बर को शाम 5 बजे राजधानी रायपुर के ग्रास मेमोरियल खेल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### एबीजी किट उपलब्ध नहीं करा पा रही सरकार

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, भाजपा की सरकार आते ही स्वास्थ्य सुविधा लाचार हो गई है। हार्ट की सर्जरी कराने वाले 200 मरीज भटक रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में इन मरीजों की हार्ट सर्जरी करने के लिए एबीजी किट नही हैं। उन्होंने बताया कि किट न होने से मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी प्रभावित हो रही है। यह किट सर्जरी के दौरन मरीजों के रक्त में मौजूद ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड को परखने के लिए महत्वपूर्ण होती है। किट के अभाव से मरीजों की सर्जरी शुरू नहीं हो पा रही है, जो पिछले तीन महीनों से अटकी पड़ी है। भाजपा सरकार को जनता के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। ये पोस्टर वाली सरकार है। जनता को अब समझने की जरूरत है।

### मच्छर उन्मूलन के लिए एंटी लार्वा ट्रीटमेंट



**रायपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर में मच्छरों के उन्मूलन के लिए एंटी लार्वा ट्रीटमेंट व फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। जोन 3 के शंकरनगर वार्ड के खाली भूखण्डों में जल जमाव वाले क्षेत्र एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया गया। अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की उपस्थिति में जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान चलाया। जोन 8 के रायपुरा सांई मंदिर मार्ग में जल जमाव वाले स्थानों पर जले हुए मोबिल आयल का छिड़काव किया गया।

### दीवारों पर आर्ट वर्क

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साइंस कालेज के समीप डीडी नगर गोल चौक जाने वाले मार्ग के दोनो ओर सुन्दर तरीके से आर्ट वर्क करवाया जा रहा है। मार्ग को सुंदर बनाने और डिवाइडर में ग्रील लगाकर पेंटिंग करने का कार्य इन दिनों किया जा रहा है। इसी तरह वंदना आटो से आमानाका सिटी बस डिपो के सामने तक मार्ग की सुंदरता निखारने सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।

---

### ज्यादा क्वांटिटी वाले 3 मिलर की बैंक गारंटी जब्त कर की गई वसूली

# एक साल बाद भी जमा नहीं हुआ कस्टम मिलिंग का 1166 टन चावल, अब 25 मिलरों से की जा रही रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिले में पिछले वर्ष धान के बदले चावल जमा करने वाले 25 मिलर एक साल बाद भी 1166 टन चावल जमा नहीं कर पाए हैं। खाद्य विभाग की टीम ने हाल ही में कुछ मिलर्स के यहां दबिश देकर जांच की थी। इस जांच में एक मिलर्स के यहां पिछले वर्ष का साढ़े तीन हजार क्विंटल चावल बरामद किया है। इस कार्रवाई के बाद जिला विपणन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि इसके अलावा 24 अन्य मिलरों ने भी पिछले वर्ष का चावल जमा नहीं किया है। इधर विपरण विभाग के अधिकारी ने 25 मिलर्स द्वारा 1166 टन चावल जमा नहीं करने की पुष्टि करते हुए कहा कि सभी मिलर्स से चावल के बदले में राशि वसूल की जा रही है। इनमें 3 मिलर्स ऐसे हैं, जिनके द्वारा सबसे ज्यादा मात्रा में चावल जमा नहीं कराया गया है। इन मिलर्स की बैंक गारंटी के रूप में जमा राशि आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर भी करा लिया है, वहीं अन्य मिलर्स से रिकवरी के लिए उनके द्वारा दिए जाने वाले बिलों में समायोजन किया जा रहा है।

समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को शासन के नियमों के तहत पंजीकृत मिलर्स को मिलिंग के लिए प्रदाय किया जाता है। इसका चावल बनाकर समयावधि में मिलर्स को जमा करना होता है, लेकिन इस मिलिंग कार्य में राइस मिलर्स लापरवाही बरत रहे हैं। मिलर्स द्वारा समय पर चावल जमा नहीं किया जा रहा है। इधर कस्टम मिलिंग का चावल समय पर जमा हो, इसके लिए खाद्य विभाग अब मिलर्स के खिलाफ सख्त रवैया अपना रहा है। इसके तहत विभाग अब उन मिलर्स के यहां दबिश देकर कार्रवाई भी कर रहा है, जिनके द्वारा समय पर चावल जमा नहीं किया जा रहा है। इस कार्रवाई से मिलर्स से लेकर विपणन विभाग में भी हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि कहीं न कहीं विपणन विभाग द्वारा भी मिलर्स पर समय पर चावल बनाने के लिए दबाव नहीं बनाया जा रहा है। यही कारण है कि वर्ष 2022 में धान उठाने के बाद बदले में चावल जमा करने वाले 25 मिलर्स द्वारा एक साल बाद भी 1166 टन चावल चावल जमा नहीं किया गया है।

### 30 सितंबर तक करना होता है चावल जमा

समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के बाद सोसाइटियों से पंजीकृत मिलर्स द्वारा धान का उठाव किया जाता है। धान का उठाव के बाद मिलर्स को धान को मिलिंग कर बदले में चावल जमा करने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया जाता है। इस तरह मिलर्स को चावल जमा करने के लिए करीब 6-8 माह का समय दिया जाता है। इसके बाद भी कई मिलर्स समय पर चावल जमा नहीं कर पाते।

### रिकवरी की जा रही

"समय पर धान के बदले चावल नहीं करने पर रिकवरी करने का प्रावधान है। 25 में से 3 मिलर्स द्वारा ज्यादा मात्रा में चावल जमा नहीं किया गया। वसूली के लिए उनकी बैंक गारंटी राशि को आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर करा लिया है। शेष 22 मिलर्स से बहुत कम मात्रा में चावल रिकवरी की जानी है, इसलिए मिलिंग बिल में समयोजन किया जा रहा है।

- जसबीर बघेल
जिला अधिकारी
विपणन विभाग रायपुर

### 25 मिलर्स में किसने कितना चावल जमा नही किया

| मिलर्स | चावल (टन में) |
|---|---|
| भोलामल गोकुलदास | 157.71 |
| निर्मला राइस प्रा.लि. | 125.27 |
| बालाजी राइस मिल | 16.24 |
| नाव्या ट्रेडर्स | 0.36 |
| साइ हनुमंत इंडस्ट्रीज | 0.23 |
| दशमेस इंडस्ट्रीज | 0.15 |
| वर्धमान इंडस्ट्रीज | 0.10 |
| निर्मला राइस प्रा.लि. | 215.74 |
| एसएस सचदेव फुड प्रो. | 0.20 |
| विजय राइस मिल | 0.11 |
| जेडी एग्रो इंडस्ट्रीज-442226) | 394.64 |
| श्यामा राइस इंडस्ट्रीज | 109.66 |
| जेडी इंडस्ट्रीज | 84.35 |
| निर्मला राइस-443352) | 34.90 |
| जेडी इंडस्ट्री-447039) | 20.13 |
| अनुज राइस मिल | 2.87 |
| बालाजी पद्य | 1.79 |
| अंबिका सेल्स | 0.63 |
| साइ हनुमंत इंडस्ट्रीज-448221) | 0.25 |
| साहिल फुड प्रोडक्ट-445808) | 0.20 |
| ग्रो एग्रो फुड | 0.15 |
| अमित एग्रो प्रोसेसिंग | 0.14 |
| मां मौली राइस | 0.12 |
| कैलास राइस मिल | 0.12 |
| गोयल हर्ष | 0.10 |

---

# भौतिकी विज्ञान को सरल और आनंददायक बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भौतिक विज्ञान के मास्टर ट्रेनर का सेवाकालीन प्रशिक्षण एससी ईआरटी रायपुर में पाच दिवसीय 27 से 31 अगस्त के बीच में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एससी ईआरटी के निर्देशक राजेंद्र कुमार कटरा एवं डिप्टी डायरेक्टर पुष्पा किसपोट्टा के मार्गदर्शन में की जा रही है। इस प्रशिक्षण की प्रभारी पुष्पा चंद्रा एवं विषय संयोजक केके शुक्ला हैं। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक जिले के मास्टर ट्रेनर को प्रतिभागी के रूप में बुलाया गया है। इस सेवा कालीन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भौतिक विज्ञान शिक्षण को सरल करना तथा कक्षा में प्रभावी शिक्षण के लिए आईसीटी, टीएलएम, एक्टिविटी

आदि विभिन्न शिक्षण प्रविधियों का उपयोग कर प्रशिक्षण देना है। इस प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागी फिजिक्स की मूल अवधारणाओं को अपनी कक्षा में प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों से अंतरक्रिया कर सरलतम रूप से अधिगम करा सकेंगे तथा बच्चों के अधिगम स्थाई हो सके। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर भौतिकी कक्षा को उन्नयन एवं परिवर्तन करने की आवश्यकता महसूस की गई है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य के उच्च प्रशिक्षण प्राप्त ट्रेनर का चयन किया गया है, जिनमें डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी, सपना सोनी, डा. भूपेंद्रधर दीवान, डा. पूनम बिचपुरिया, डा. अंजू अग्रवाल, नवीन खरे एवं विवेक वर्मा हैं। इसके अलावा कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी से भी विद्वान प्रोफेसर का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिसमें बिलासपुर से डा. कमलेश ठक्कर विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं।

---

# सरकार ने जनता को उपहार में दिया सिर्फ अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रामनगर के ऐतिहासिक कबीर चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर भाजपा की सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा, भाजपा की 8 माह की सरकार ने प्रदेश की जनता को उपहार में उनके विश्वास के बदले में सिर्फ अपराध दिया है। लगातार हत्या, लूट, डकैती, चोरी, चैन स्नैचिंग, नशीले पदार्थ का व्यापार, अवैध शराब बिक्री, जुआं, सट्टा सहित जघन्य अपराध प्रदेश की जनता को उपहार में दिया है। वहीं सरकार के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

रामनगर की सड़कों में खुले आमहत्या हो जाती है, उसके बाद अपराधी सोशल मीडिया में उसे लाइव भी वायरल कर देता है। कोई अपराधी का पुलिस कार्रवाई होने से पहले ही भाजपा की सरकार की इस पर कोई प्रतिक्रिया भी नहीं होती, बल्कि उनका उल्टा फोन चला जाता है कि उस पर कोई कार्रवाई न की जाये। क्षेत्र के विधायक आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। वहीं कांग्रेस सरकार द्वारा रामनगर में पुलिस चौकी खोलने के लिए निविदा तक की प्रक्रिया हो चुकी थी, उसको तक विधायक अपनी हठधर्मिता के कारण शुरू नहीं होने दे रहे हैं। भाजपा सरकार एवं विधायक की कार्यशैली के खिलाफ आम जनता एवं कांग्रेसजनों ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार में अपराध व अपराधियों पर पूर्ण नियंत्रण था। पश्चिम विधानसभा, रायपुर शहर सहित पूरे प्रदेश में आपराधिक प्रकरणों में लगातार वृद्धि हो रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। क्या हमने यही दिन देखने के लिए भाजपा सरकार और इन्हें विधायक चुना था।

धरने में विकास उपाध्याय के साथ शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष दाऊलाल साहू, देवकुमार साहू, अशोक सिंह ठाकुर, श्रीकुमार मेनन, बबीता नत्थानी, धनंजय ठाकुर, पार्षद मनीराम साहू सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद थे।

### निगम में समीक्षा बैठक





रायपुर। गांधी सदन में आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को साप्ताहिक समय सीमा बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी जोन कमिष्नरों को शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। अनुबंधित रामकी कंपनी द्वारा किये जा रहे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य व रोड के किनारे के सफाई कार्य की मॉनिटरिंग करने हिदायत दी। निगम आयुक्त ने लाखे नगर चौक में लैण्ड स्केपिंग करवाकर चौक को सुंदर बनवाने के निर्देश जोन 5 कमिश्नर विमल शर्मा को दिये है। बैठक में उपस्थित जोन कमिश्नरों को उद्यानों को सुव्यवस्थित स्वरूप देने का कार्य जल्द पूरा कराने निर्देशित किया है।

---

**भविष्य में ऐसी घटना न हो इसे लेकर निर्देश जारी करने का आग्रह**

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज विष्णुदेव को भूपेश ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठीचार्ज का मामला गरमा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने सख्त दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 27 अगस्त को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भिलाई-तीन थाना का घेराव व शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते वक्त पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक एवं अनावश्यक लाठी चार्ज से मैं दुखी हूँ। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित भी हूं। एक जनप्रतिनिधि की हैसियत से मेरा यह दायित्व एवं कर्तव्य है कि मैं नागरिकों के साथ हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाऊं तथा शासन को निरंतर उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराता रहूं। दरअसल प्रदर्शनकारियों द्वारा 24 अगस्त को बजरंग दल से जुड़े उग्र युवाओं के समूह द्वारा मेरे काफिले को बीच चौराहे पर रोका गया था। इन युवाओं ने सुरक्षाकर्मियों के साथ झूमाझटकी तथा अभद्र व्यव्हार भी किया था। यह मेरी सुरक्षा में बड़ी सेंध थी।

### अनुविभागीय अधिकारी को दी थी सूचना

इस संबंध में पूर्व में ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भिलाई चरौदा के अध्यक्ष मनोज मढ़रिया के पत्र 25 अगस्त द्वारा संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई-3 को सूचित किया गया था, जिस पर उनके द्वारा संदर्भित पत्र 26 अगस्त के माध्यम से विभिन्न अधिकारियों को सूचना दे दी गई थी। उनके द्वारा प्रदर्शन ना करने अथवा उसे स्थगित करने की किसी भी प्रकार की हिदायत कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों को नहीं दी गयी थी।

### आज डीजीपी से मुलाकात करेंगे वरिष्ठ कांग्रेसी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोककर और उनके सुरक्षा कर्मियों से धक्का मुक्की करने वालों को चिन्हित करके पहचान बताने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और मुकदमा दर्ज करने को लेकर गुरुवार को दोपहर 12 बजे कांग्रेस के नेता डीजीपी से मुलाकात करेंगे। इन नेताओं में विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, पंकज शर्मा, कन्हैया अग्रवाल सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

---

### युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर फेडरेशन ने रखा पक्ष, शिक्षा सचिव से हुई लंबी चर्चा

# शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण को लेकर सचिव स्तरीय चर्चा बेनतीजा, आंदोलन पर अड़ा फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सहित अन्य शिक्षक संगठनों की सचिव स्कूल शिक्षा एवं संचालक लोक शिक्षण के साथ हुई बैठक बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। शिक्षक संगठनों ने पहले विभाग में समस्त पदों पर पदोन्नति किए जाने तथा 2008 के स्कूल शिक्षा विभाग के सेटअप को प्रभावित किए बिना युक्तियुक्तकरण करने की मांग की है। मांग की गई है, इसमें आने वाली विसंगतियों में संशोधन करने बाद इस कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने स्कूलों की मर्ज करने की कार्यवाही का विरोध कर निरस्त करने की मांग की। फेडरेशन के इस सुझाव पर शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने स्पष्ट अभिमत नही दिया।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की पहल पर शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने चर्चा के लिए आमंत्रित किया था। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, छग सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, संयुक्त शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष केदार जैन, प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांताध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, शालेय शिक्षक प्रधानपाठक संघ प्रांताध्यक्ष मनोज साहू ने इसमें हिस्सा लिया। स्कूल शिक्षा सचिव और संचालक लोक शिक्षण के साथ हुई चर्चा में युक्तियुक्तकरण से होने वाले विसंगति को लेकर बात रखी गई। विभाग के अधिकारियों ने इस पर सभी लोगों के सुझाव और बताए गए कारणों को सुना। शिक्षक संगठनों ने साफ कहा कि सभी पदों पर पदोन्नति के बाद युक्तियुक्त करण की विसंगति को दूर कर इस कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाए। वहीं स्कूलों को मर्ज किए जाने का विरोध किया। स्कूलों के लिए जो सेटअप पूर्व में तैयार किया गया है, उसे यथावत रखा जाए।

### शैक्षिक संगठनों की बैठक शीघ्र

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा, शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त अध्यापन से वंचित करने वाले युक्तियुक्तकरण नीति पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी 16 सितंबर को इसके विरोध में नया रायपुर में धरना, प्रदर्शन होगा। आंदोलन के संबंध में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध सभी शैक्षिक संगठनों की बैठक फेडरेशन के प्रांतीय कार्यालय में शीघ्र होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

---

# पुराने सर्किट हाउस का अस्तित्व खत्म, पार्किंग सहित अन्य उपयोग की सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अंग्रेजों के जमाने का बना पुराना सर्किट हाउस का अस्तित्व खत्म कर दिया गया। इस भवन को बुधवार को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। इस भवन को तोड़ने के बाद अब इस भूमि का उपयोग न्यू सर्किट हाउस बिल्डिंग के लिए किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस भूमि को पार्किंग सहित अन्य उपयोग में लाया जाएगा।

राजधानी रायपुर में धीरे-धीरे पुराने धरोहरों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। पहले कोतवाली थाना को तोड़कर वहां हाईटेक बिल्डिंग बना दी गई, वहीं अब सर्किट हाउस को भी तोड़कर यहां पार्किंग सहित अन्य उपयोग में लाए जाने की योजना पर काम चल रहा है। पुराना सर्किट हाउस



को अंग्रेजों के जमाने में बनाया गया था। इसके बाद से लगातार इस सर्किट हाउस का उपयोग किया जा रहा था। इस सर्किट हाउस में पुराने कई राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक लीडर भी आ चुके हैं। पुराने सर्किट हाउस के बगल में जब न्यू सर्किट हाउस बिल्डिंग का निर्माण किया गया, तो पुराने सर्किट हाउस की पहचान खत्म होने लगी, जिसके कारण इसका उपयोग भी नहीं के बराकर होने लगा था।

## खबर संक्षेप



### हाईस्कूल उमरदा में मनाया संस्कृत सप्ताह

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल उमरदा में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध लेखन, श्लोक उच्चारण, सूक्ति वाचन, संस्कृत गीत, संस्कृत में वार्तालाप, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, संस्कृत कवियों की चित्रकला एवं उनकी रचनाओं पर चर्चा, वदतू संस्कृत भाषा, जयतु संस्कृत भाषा के स्वर के साथ रैली का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा संस्कृत की महत्ता पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें व्याख्याता दिनेश चंद्राकर, सोनी चंद्राकर, शोभा गुप्ता, चंद्रकला साहू, धर्मराज चंद्राकर ने अपने विचार प्रकट किए। संस्था के प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर ने बताया कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और उनकी महत्ता हमारे जीवन में है।

### अग्निवीर चयनित आवेदकों के लिए निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण

**महासमुंद।** भारतीय सैन्य बलों में थल सेना में अग्निवीर के पद हेतु लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए जिला रोजगार कार्यालय महासमुंद द्वारा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के ऐसे आवेदक जो निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ प्राप्त करना चाहते है वे 09 सितम्बर 2024 तक जिला रोजगार कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में अशोक चौरड़िया को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संचालन समिति आदर्श शिक्षा मंडल महासमुंद के पूर्व व्यवस्थापक एवं वर्तमान प्रबंधकारिणी सदस्य अशोक चौरड़िया का आकस्मिक निधन हो गया है। समिति के संरक्षक मोहन चोपड़ा, अध्यक्ष राजेश लूनिया, उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, सचिव धर्मेंद्र महोबिया, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, सहसचिव गोवर्धन प्रधान एवं प्रबंधकारिणी सदस्यगण घनश्याम सोनी, भूपेंद्र राठौर, डा. अनिल अग्रवाल, महेश चंद्राकर, डा. विमल चोपड़ा, दुवन चंद्राकर, उत्तरा एवं विद्यालय के समस्त भैया/बहनों द्वारा विद्यालय में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई।

### साढ़े तीन लाख की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र स्थित जयराम कांपलेक्स में संचालित एक ऑफिस में कैश सहित साढ़े तीन लाख रुपए के कम्प्यूटर, प्रिंटर तथा मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक साइबर एक्सपर्ट और जैन साफ्टवेयर फाउंडेशन का डायरेक्टर सोहेल खान की शिकायत पर पुलिस ने गुढ़ियारी निवासी गणेश वर्मा को गिरफ्तार किया है। गणेश ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्राओं ने खायीं कृमिनाशक दवा, छूटे हुए बच्चों को 4 सितंबर को खिलाई जायेगी कृमिनाशक गोली

# बच्चों को एनीमिया से बचाने के लिए अल्बेंडाजोल की खुराक जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बरमकेला के डॉ. शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला में सभी छात्र–छात्राओं को प्राचार्य की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिनों द्वारा अंबेंडाजोले की गोली खिलायी गई। बच्चों व किशोरों के अच्छे स्वास्थ्य, बेहतर पोषण, नियमित शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोतरी के लिए कृमिनाशक दवा देना आवश्यक है।

सेजेस के प्राचार्य नरेश कुमार चौहान ने बच्चों से कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों के शरीर व दिमाग का पूर्ण विकास नहीं हो पाता है। ऐसे लक्षण के प्रति माता–पिता को जागरूक रहना चाहिए। कृमि के कारण बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता और खाने में रूचि घटती है। अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने से बच्चे एनीमिया का शिकार होने से बच सकते

डॉ. शक्राजीत नायक ने कहा कि कृमि संक्रमण एक आम समस्या है जो अनुमानित रूप से 1–19 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करती है। इस संक्रमण के कारण अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होती है। अतः इस इस नेशनल डीवामिंर्ग डे पर बच्चों को अवश्य कृमि की दवा खिलाएं और इस अभियान को जिम्मेदार नागरिक और अभिभावक के तौर पर सफल बनाए। इस अवसर पर मितानिन प्रशिक्षक तारिणी बेहरा एवं मितानिनगण साबिया, पुष्पा, गंगा, रेखा, जमेरून, माधुरी, जलकुमारी, कमला महंत द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में सहयोग किया।



### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अल्बेंडाजोल टेबलेट का विवरण

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय कृमि दिवस पर अल्बेंडाजोल टेबलेट का वितरण 29 अगस्त को शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार मिश्रा द्वारा छात्र–छात्राओं को अल्बेंडाजोल टेबलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य में सुधार और कृमि संक्रमण की रोकथाम करना तथा डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने छात्रें को बताया कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों की सेहत और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड सकता है। अल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन से कृमि संक्रमण को रोका जा सकता है इस दौरान महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य डॉ. ए.के. उपाध्याय, नरेन्द्र देव मिर्जा, जयंत मिंज एवं हनी लहरे ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने सभी छात्रें से अनुरोध किया कि वह अल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इस बारे में जागरूक करें ताकि समूह समाज में कृमि संक्रमण की रोकथाम की जा सके।



### 1 से 19 वर्ष बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल गोली

**मुड़पार सरसीवां।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले में चलने वाली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ भटगांव के सागर हायर सेंकडरी स्कूल के छात्र–छात्राओं को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफआर निराला द्वारा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में शाला के बच्चों में एलबेंडाजोल गोली सेवन के प्रति भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ ने स्कूली बच्चों को अनिवार्य रूप से कृमि नाशक गोली खाने की सलाह दी। शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बिना लापरवाही के जिम्मेदारीपूर्वक सही मात्र एवं सही विधि से बच्चों को गोली सेवन कराने तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को इस कार्यक्रम का प्रभावी मॉनिटरिंग करने एवं सभी बच्चों को दवा सेवन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि हमारे वातावरण और रहन–सहन का तरीका ही ऐसा है कि लोगों में कृमि का संक्रमण होता ही है। साथ ही मानव शरीर को पारिस्थितिकी ऐसी है कि स्वास्थ्य के प्रत्येक पहलू एक–दूसरे से संबद्ध है। ऐसे में कृमिनाशक गोली का सेवन नहीं करने से लंबे समय तक कृमि संक्रमण के गंभीर परिणाम होते है। कृमि मुख्यतः मानव आंत को छेद कर आंतरिक रक्तस्राव कराते है, पोषक तत्वों के शोषण में बाधक होते हैं, जिससे कुपोषण, रक्ताल्पता तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा होती है। भविष्य में इनकी गर्भावस्था में ये और भी जटिल हो जाते हैं। अस्वस्थता के इस कड़ी को तोड़ने के लिए साल में दो बार कृमि नाशक गोली का सेवन आवश्यक है। कृमि मुक्ति दिवस को जिले के समस्त स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। किसी कारण वश जिन बच्चों को 29 अगस्त के दिन एलबेंडाजोल की गोली नहीं खिलाई जा सकी है, उन्हें मॉप अप राउंड 4 सितंबर को एल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खिलाएं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इजारदार, जिला नोडल डॉ. नरेंद्र रात्रे स्कूल प्राचार्य, शिक्षकों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।







# रामनाम सप्ताह का 86वां वर्ष पूर्ण




हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जिले के सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक राम नाम सप्ताह पर्व ने अपना 86वां वर्ष पूर्ण किया। सुदूर क्षेत्रों से आने वाली टोलियों के माध्यम से राम नाम की धुन चहूओर सुनाई पड़ती रही। सामाजिक संस्थानों द्वारा जगह-जगह निःशुल्क नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था रखी गई थी। राजनीतिक दलों के पंडाल पूरे वातावरण को शोभायमान कर रहे थे। राम नाम सप्ताह का भव्य आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल जैसे प्रदेश के दिग्गज नेताओं को भी भाटापारा खींच लाया। सुबह से लेकर रात तक सौहार्दपूर्ण वातावरण में राम नाम सप्ताह का पर्व क्षेत्रवासियों ने बखूबी मनाया।

**पुलिस प्रशासन ने की शानदार सुरक्षा व्यवस्था:** राम नाम सप्ताह के उक्त आयोजन की सबसे खास बात रही कि लगभग सप्ताह भर से पुलिस प्रशासन के सभी आला अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार कार्य योजना तैयार की गई। पहली बार समय से पूर्व ही कार्यक्रम का रूट चार्ट पुलिस प्रशासन द्वारा आम जनता को जारी कर दिया गया। जिला अधीक्षक विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में एएसपी सिदार एवं थाना प्रभारी द्वय परिवेश तिवारी व अमित पाटले लगातार सप्ताह भर से सक्रिय रहे।

# कलेक्टर ने की न्यायालीन राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

### समय सीमा के भीतर काम नहीं करने पर जतायी नाराजगी

कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए आज राजस्व विभाग की कामकाज समीक्षा की है। उन्होंने बैठक में कामकाज पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य पद्धति में आवश्यक सुधार लाने के निर्देश सभी संबधित अधिकारी कर्मचारी को दिए हैं। बैठक में जिले के सभी राजस्व न्यायालय के पीठासीन,नायब तहसीलदार,तहसीलदार, एसडीएम एवं शाखा प्रभारी डिप्टी तथा संयुक्त कलेक्टरों सहित उनके रीडर उपस्थित रहे। इन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब नही होना चाहिए। सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर ही होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नामांतरण,अविवादित बंटवारा,अभिलेख दुरुस्ती, भू–अर्जन, भू–भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का भी विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरुस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए है। साथ ही सप्ताह में एक दिन पटवारियों का नियमित बैठक कर कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सभी कार्यालयों में कामकाज सुबह 10.30 बजे ही शुरू एवं कार्यालय एवं परिसर का नियमित रूप से साफ सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, सीमा ठाकुर,समेत सभी डिप्टी कलेक्टर, राजस्व अधिकारी गण एवं सभी अनुविभागीय मुख्यालयो से एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं उनके वाचक उपस्थित रहे।



### कार्य में बरती लापरवाही, 4 रीडर को कारण बताओ नोटिस जारी

इस दौरान कामकाज में लापरवाही बरतने के चलते 4 पीठासीन के वाचक को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। 4 रीडर में एसडीएम सिमगा के सहायक ग्रेड 2 संतोष ध्रुव, तहसील सिमगा सहायक ग्रेड 3 दिगेंद्रर गंधर्व, तहसील लवन से सहायक ग्रेड 3 आशुतोष प्रधान एवं उपतहसील निपनिया के सहायक ग्रेड 3 दिनेश ध्रुव शामिल हैं। इसके साथ ही जिन वाचकों के खिलाफ लंबे समय से एक ही स्थान में जमे होने एवं अन्य शिकायत हुई है। उन्हें बदलने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए हैं। उन्होंने दो टूक कहा की राजस्व का मामला आम आदमी से सीधा जुड़ा हुआ होता है।

# सर्वर ने बढ़ाई परेशानी सुबह की रजिस्ट्री दोपहर बाद हुई, घंटों परेशान हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




पंजीयन दफ्तर में नेटवर्क ने बुधवार को प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों को खासा परेशान किया। सर्वर डाउन होने के कारण सुबह की रजिस्ट्री दोपहर बाद हो पाई। इसके कारण रजिस्ट्री भी देर शाम तक होती रही। सूत्रों के अनुसार कई लोगों को सर्वर के कारण रजिस्ट्री कराए बिना लौटना पड़ा। उन्हें दूसरे दिन बुलाया गया है। इधर रजिस्ट्री कराने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने वालों को भी सर्वर डाउन ने काफी परेशान किया। सर्वर डाउन के कारण लोगों को दोपहर बाद ही ऑनलाइन अपॉइंटमेंट मिल पाए।

### कलेक्टोरेट में नेटवर्क समस्या से अधिकारी-कर्मचारी भी परेशान

कलेक्टोरेट परिसर में नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। इसके कारण कई दफ्तरों में भी नेटवर्क ठीक से काम नहीं करता, जिसके कारण अधिकारी-कर्मचारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, नेटवर्क समस्या का असर अब कामकाज पर भी पड़ने लगा है, जिसके कारण कई विभागों के ऑनलाइन साफ्टवेयर में काम करने में कर्मचारियों को दिक्कतें आ रही है। ऑनलाइन सर्वर डाउन होने के कारण रजिस्ट्री का काम भी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रभावित रहा।

# संयंत्र की बाउंड्रीवाल से नाली का कुलापा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- खेतों की सिंचाई के लिए किसान परेशान

तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पौंसरी में निर्माणाधीन संयंत्र लाला स्टील एण्ड पाइप के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण किए जाने से खेतों की सिंचाई के लिए एरीगेशन विभाग द्वारा बनाए गए नाली से कुलापा को निकाल कर मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिए जाने के कारण लगभग 20 एकड़ के कृषि भूमि में सिंचाई प्रभावित हो रही है। इसकी शिकायत पौंसरी के ग्रामीणों ने एरीगेशन विभाग से की है। जिस पर टाइम किपर वीके तिवारी ने मौके पर जा कर निरीक्षण किया तो पाया कि एरीगेशन विभाग द्वारा किसानों की कृषि भूमि की सिंचाई के लिए यहां पर कुलापा लगाया गया है। इसी कुलापे के पानी से पूर्व में खेतों की सिंचाई होती है थी, लेकिन वहां पर फैक्ट्री निर्माण कार्य किया जा रहा है



जिसके चलते कुलापा बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि खेतों की सिंचाई के लिए किसानों एवं एरीगेशन विभाग द्वारा पांच सालों के लिए एग्रीमेंट हुआ है। कंपनी के निर्माण के चलते यह स्थिति निर्मित हुई है। टाइम किपर तिवारी ने प्रबंधन से नाली कुलापा बंद करने के लिए विभागीय अनुमति लेने की बात कही बिना अनुमति के कुलापा बंद करने पर कार्यवाही की जाएगी। तिवारी ने बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी है।

बता दें कि संयंत्र के गेट के पास ही बाउंड्री वॉल के अदंर सिचाई के लिए बनाई गई नहर नाली में पानी के बहाव से निर्मित कुलापा के बंद होने के कारण खेतों में पानी जाना बंद है, जिसकी वजह से लगभग 20 एकड़ कृषि भूमि में सिचाई की समस्या निर्मित हो रही है। किसानों ने सिंचाई विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

# लोन-देन विवाद पर भाजपा नेता आपस में भिड़े, मारपीट का हुआ वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट करने की घटना हुई है। मारपीट करने वाले भाजपा नेता बताए जा रहे हैं। मारपीट की घटना में होटल कारोबारी का सिर फूट गया है। मारपीट की घटना मंगलवार दोपहर पौने तीन बजे की है। मारपीट करने की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

पुलिस के मुताबिक कटोरातालाब में नेताजी होटल के संचालक राहुल चंदनानी ने संदीप मेघानी तथा नितेश कुमार तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अपनी दुकान में बैठा था।

इसी दौरान संदीप अपने अन्य साथियों के साथ उसकी दुकान में पहुंचा और लेन-देन के विवाद को लेकर सभी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर संदीप तथा उसके साथियों ने राहुल को खींचकर दुकान से बाहर निकाल लिया। इसके बाद राहुल के साथी भी मौके पर पहुंच गए। दुकान के बाहर दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। घटना के दूसरे दिन संदीप ने भी राहुल के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## पेज 9 के शेष

### मशरूम निकालने गये...

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है और इलाज चल रहा है। वन विभाग द्वारा घायल के परिवार तत्कालीक सहायता राशि पच्चीस सौ रुपये दी गई है।

### थाना परिसर में...

कि उसकी 90 वर्षीय मां जुगन बाई पति पुन्नी लाल देवांगन सुबह 7.30 बजे घर से दातुन तोड़ने की बात कह कर निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी आस पास तलाश की, परंतु कोई पता नहीं चला, जिस पर पुलिस ने गुमइंसान का मामला दर्ज किया था।

### हथबंद पंचायत में...

जयंती स्मारक के पास फैली गंदगी को तथा जल मिशन योजना अंतर्गत किए गए गलियों में किए गए सीमेंटीकारण की तोड़फोड़ एवं पूर्ण व्यवस्थित करने हेतु सचिव कमल साहू को आदेश दिया। साथ ही जल जीवन मिशन के ठेकेदार को कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र नहीं देने की भी बात कही। सीईओ दुबे ने पंचायत सचिव कमल साहू को तत्काल निर्देशित करते हुए कहा कि नाबार्ड योजना के तहत कचरा संलग्न हेतु कूड़ादन बनाने सहित कूड़ादन की उचित निपटान एवं नगर फैले कचरे को यथाशीघ्र निपटान हेतु आदेशित किया।

### प्रशासन पहुंचा और...

पूरी एक गोली चूरा बना कर पानी में, जबकि 3 से 5 तथा 5 से 19 वर्ष तक को एक पूरी गोली चबा कर पानी के साथ सेवन करना है। पेट में दर्द, कमजोरी, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, खून की कमी ये कुछ लक्षण हैं जो कृमि संक्रमण को प्रकट करते हैं। संक्रमित भोजन, साफ–सफाई न रखना,पालतू जानवरों से यह संक्रमण हो सकता है। कृमि कई प्रकार के होते हैं जिसमें से टेपवर्म, राउंडवॉर्म, पिनवर्म या थ्रेडवर्म और हुकवर्म प्रमुख हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार जिले में कुल 5 लाख 28,803 हितग्राहियों को दवाई का सेवन कराए जाने का लक्ष्य है। इसमें विकास बलौदा बाजार में 1 लाख 22 हजार 399, भाटापारा 99 हजार 640, कसडोल 1 लाख 6695, पलारी 99 हजार 93 तथा सिमगा में 1 लाख 976 हितग्राही लक्षित हैं। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता सहित सहायिका उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हरतालिका तीजा उद्यापन 6 को

**महासमुंद।** स्थानीय मां महामाया मंदिर द्वारा तीजा हरतालिका व्रत का सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम 6 एवं 7 सितंबर को महामाया मंदिर प्रांगण में रखा गया है। जानकारी देते हुए पं. रोशन शर्मा, कमलेश चंद्राकर, खोरबाहरा राम साहू ने बताया कि पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में उद्यापन कार्यक्रम होगा। जिसमें 6 सितंबर को रात्रि चारों पहर की पूजा व जागरण, 7 सितंबर को सुबह हवन, ब्राह्मण भोजन एवं उद्यापन पारण होगा। उद्यापन करने के इच्छुक श्रद्धालु महामाया मंदिर से संपर्क कर सकते हैं।

### पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक 1 को

**महासमुंद।** एफसीआई रोड स्थित ब्राह्मण समाज भवन में मासशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रोत्थान के लिए 1 सितंबर रविवार की सुबह 9 बजे विप्र दंपतियों द्वारा एकादश सहस्त्र पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज महासमुंद के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने समस्त विप्रजनों से धोती कुर्ता व महिलाओं से पीली साड़ी परिधान में पहुंचने का अनुरोध किया है।

### खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में भारत देश के हाकी के खिलाड़ी एवं हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ज्ञान गंगा विद्यालय के शिक्षक नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, लता चंद्राकर, हर्षा यादव एवं विद्यार्थियों संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

## निधन

### केशर बाई

**पलारी।** ग्राम मतवारी निवासी



केशर बाई राय 65 साल का गुरुवार को निधन हो गया। वे नारायण राय की धर्मपत्नी और मोहन राय, बी आर राय, घनश्याम राय, राधेश्याम राय, हेमंत राय, राजनारायण की माता और विक्रम राय, योगेश राय, संतोष राय, कुणाल राय की चाची थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मतवारी के शमशान घाट में 30 अगस्त शुक्रवार को 12 बजे किया जायेगा।

### लक्ष्मीन कन्नौजे

**बलौदाबाजार।** शहर के पुरानी



बस्ती ठाकुर देव चौक निवासी लक्ष्मीन कन्नौजे 42 वर्ष का बुधवार को निधन हो गय। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें समाजजन सहित शहरवासी बडी संख्या में शामिल हुए। वे जीवन कन्नौजे की पत्नि एवं साहिल, गितिका कन्नौजे की माता जी थी।

# गणेशोत्सव की तैयारी शुरू, विभिन्न स्वरूपों में आकार ले रही मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



आगामी गणेशोत्सव पर्व को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। लोगों की आस्था और उत्साह भी इस बार पूरे शबाब पर है। खरोरा क्षेत्र में भी शहर से लेकर देहात तक बड़े–बड़े पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। गणेशोत्सव समिति के लोगों ने पंडाल सहित साज–सज्जा की तैयारियां सप्ताह भर पहले से ही शुरू कर दी है। इधर, मूर्तिकार भी गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इस बार भी विभिन्न स्वरूप में प्रतिमाएं आकार ले रही है। तरह–तरह के डिजाइन की मूर्तियां आकर्षण का केन्द्र बनी है। मूर्तिकार दो फीट से लेकर दस फीट तक की मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। घर में बैठाने के लिए बच्चे छोटे–छोटे मूर्तियां ले जा रहे हैं। दूर–दूर से भी लोग मूर्तियों के आर्डर करने आ रहे हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि इस बार भी रंग रोगन, मिट्टी और साज–सज्जा के सामानों का रेट बढ़ा हुआ है। इसलिए मूर्तियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। इस बार भी गणेश प्रतिमाओं की कीमत में बढ़ोतरी हो गई है। विभिन्न स्थानों पर बन रहे प्रतिमाएं इस बार कुछ खास अंदाज में नजर आ रहे हैं। गणेश समिति वालों ने बताया कि, आस्था पर महंगाई भारी पड़ रही है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार मूर्तियों के दाम बढ़े हैं। अन्य सामानों के भी दाम बढ़ने से गणेशोत्सव पर्व पर अब पहले से ज्यादा खर्च आने लगा है।

## अनदेखी : इस ओर न शासन ध्यान दे रहा और न ही समाजसेवी

# सड़क दुर्घटना में हो रही गौवंशों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

बारिश के दिनों में गोवंश सड़कों पर भटकने मजबूर हैं। गोवंश की रक्षा सुरक्षा के तमाम दावे कागजी साबित हो रहे हैं। जिले में कितने गोवंश है, कितनी गोशाला उनमें कितना गोवंश हैं, इन सब बातों की जानकारी पशुपालक विभाग में रहती है, किंतु वर्तमान में गोवंश की दयनीय हालत हो रही है। गोवंश आए दिन काल के गाल में समा रहे हैं, लेकिन इस ओर कोई भी संस्था या शासन सार्थक पहल नहीं की जा रही है। यही कारण है कि सड़कों पर शरण लेकर चोटिल हो रहे हैं। वर्तमान में शासकीय भूमि जो गोचर थी, इस पर खेती हो रही है, लेकिन इस ओर भी किसी का ध्यान नहीं है।



### घास जमीन पर हो रही खेती

पूर्व में शासन द्वारा 7 प्रतिशत भूमि गोवंश के लिए आरक्षित थी, वह धीरे धीरे घटकर दो प्रतिशत रह गई है। वह भी वर्तमान में मौके पर नहीं है। यू कहें कि गोवंश के लिए सुरक्षित भूमि भी गायब हो चुकी है। ऐसे में किसान गोवंश को पाले भी तो कैसे पाले। कुछ सामाजिक लोगों ने चर्चा के दौरान बताया की प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय चरनोई भूमि को मुक्त किया जाए।

### पंचायतों ने जिम्मेदारी से किया किनारा

एक आदेश के तहत पशु चिकित्सा विभाग एवं ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक को निर्देश हुए थे कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश का स्थाई रूप से सुरक्षा के साथ ही गोशाला में भेजे या फिर उनके लिए वैकल्पिक इंतजाम करें, ताकि गोवंश सड़कों पर न आए। लेकिन शासन के इस आदेश का लवन नगर सहित पूरे गांवों में कहीं भी अमल नहीं हुआ। यही कारण है कि जिले के नेशनल हाईवे मेन रोड में सड़क दुर्घटना में प्रति दिन गाय काल के गाल में समा रही है। कहीं वाहन से टकराकर तो कही गाड़ी के नीचे गोवंश की वर्दनाक मौत पर किसी को तरस नहीं आ रहा है।

# कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों की हुई सैनिक भर्ती



बलौदाबाजार। डीके कॉलेज में एनसीसी प्रथम वर्ष भर्ती का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के इच्छुक छात्र– छात्राएं इस भर्ती में शामिल हुए। एनसीसी भर्ती के लिए 7 सीजी बटालियन एनसीसी बिलासपुर से नायब सूबेदार परविंदर सिंह और हवलदार राजकुमार सिंह ने एनसीसी प्रथम वर्ष भर्ती संपन्न किया। इस भर्ती में 70 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्र–छात्राओं ने जोश के साथ मन लगाकर इस भर्ती प्रक्रिया में अपनी प्रतिभा दिखाई।

एनसीसी भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट फ्लैट फुट, सीट–अप, पुस–अप जैसे अन्य शारीरिक दक्षता छात्र–छात्राओं द्वारा दिया गया। सभी छात्र–छात्राएं शारीरिक रूप से फीट नजर आए। बिलासपुर बटालियन के अधिकारीओ द्वारा एनसीसी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा ली गई, जिसमें चयनित छात्राओं का मेडिकल टेस्ट कराया गया। 70 में 27 छात्र–छात्राओं का सैनिक में चयन किया गया। यह भर्ती कैप्टन एफमिंज, सीनियर अंडर ऑफिसर दाऊलाल,जूनियर अंडर ऑफिसर केशरी, दिव्या ध्रुव के निगरानी में किया गया। एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए चयनित सभी 27 छात्र छात्र सैनिकों को महाविद्यालय के प्राचार्य एवम् प्राध्यापकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एलबेंडाजोल की दवाई खिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मि ता नि न पूर्णिमा डडसेना एवं सावित्री डडसेना द्वारा विद्यालय को एलबेंडाजोल की गोली दी गई। जिसे संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना एवं सोहन लाल डडसेना रेडक्रॉस प्रभारी के मार्गदर्शन में सभी कक्षा शिक्षकों की सहयोग से कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के दर्ज बालक 164, बालिका 153, योग 317 में से बालक 118, बालिका 139 कुल 257 छात्र छात्राओं को एलबेंडाजोल कृमि नाशक गोली खिलाई गई।

- हायर सेकंडरी स्कूल के 500 से अधिक बच्चों को दी गई खुराक

दसमें 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि की गोली खिलाई जाती है। वर्ष में दो बार गोली खा लेने से कृमि खत्म हो जाता है। कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम साल में 2 बार छह महीने के अंतराल में फरवरी व अगस्त में मनाया जाता है। बच्चों को कृमिनाशक गोली इसलिए खिलाना जरूरी है, बच्चों में स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर सुधारने, बच्चों में रक्त अल्पता की रोकथाम, बच्चों में बौद्धिक विकास के लिए, बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए राष्ट्रीय कृमि नाशक गोली खिलाई गई। इस अवसर पर भारत राम बंजारे, हरेंद्र कुमार शांडिल्य, श्यामलाल नवरत्न, देवेंद्र कुमार राकेश, सालिक राम साहू, मदन लाल तोमर और भी लोग ने सहयोग प्रदान किया।



### तुमगांव में नई स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ख़रिसागर नायक व सभी जनप्रतिनिधियों के प्रयास से वार्डों के विद्युत पोलों में लाइट लगाने व रिपेयरिंग करने के लिए नई आधुनिक तकनीक से बने स्काई लिप्ट मशीन क्रय किया गया है। अब विद्युत पोलों में नई लाइट लगाने व तकनीकी खराबी होने पर सीढ़ी के बदले इस नई स्काई लिफ्ट मशीन का उपयोग किया जाएगा। यह जानकारी पार्षद धर्मेंद्र यादव ने दी है।

# विभाग फसल क्षति का आंकलन करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

फसल क्षति का आंकलन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भू-अभिलेख शाखा द्वारा गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए दो पालियों में फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व विभाग से सभी पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम एवं कृषि विभाग से आरएआईओ, एसडीओ उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण में मार्गदर्शन कलेक्टर दीपक सोनी भी शामिल हुए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को फसल क्षति का आंकलन सुनिश्चित करते हुए किसानों को अधिक से अधिक प्रधानमंत्री फसल बीमा से लाभ दिलाने का निर्देश कार्यशाला में दिए हैं।

- किसानों को मिले प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ
- फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण हुआ संपन्न, कलेक्टर हुए शामिल



कलेक्टर सोनी द्वारा फसल कटाई प्रयोग करने के पूर्व संबंधित कृषक को सूचित करने तथा विधिपूर्वक प्रयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही गिरदावरी कार्य को गंभीरतापूर्वक करने एवं गिरदावरी निरीक्षण का कार्य राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा संयुक्त टीम बनाकर करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि गिरदावरी एवं फसल कटाई प्रयोग जैसे कार्य कृषकों की फसल क्षति होने पर बीमा राशि उपलब्ध कराने एवं केसीसी के माध्यम से ऋण प्राप्त करने में तथा शासन की कृषि संबंधी योजनाएं बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। अतः इन कार्यों को सावधानीपूर्वक एवं गंभीरता से किया जाना चाहिए। उक्त मौके पर संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोनकर, उप संचालक कृषि दीपक नायक, सर्व तहसीलदार, राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी, पटवारीगण एवं कृषि तथा सांख्यिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बंगोली में 26 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली में सरस्वती सायकिल योजना के तहत 26 छात्राओं को सायकिल वितरण की गई। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बंगोली के अध्यक्ष झूकू राम बांधे, उपाध्यक्ष विजय कुमार वर्मा, जनपद पंचायत सदस्य धनेश कुमार निषाद, सांसद प्रतिनिधि डोमार सिंह धुरंधर, विधायक प्रतिनिधि डोमन सिंह नायक, सदस्य द्रोण हनुमंता, प्राचार्य विजय कुमार, व्याख्याता तोकसिंह वर्मा एवं समस्त शिक्षकगण सम्मिलित रहे।



# जिला स्तरीय खेलकूद ने 142 बच्चों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम केसदा में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 5 संकुल, 13 विद्यालयों के 142 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खो–खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, तवा फेक, गोला फेंक, 100, 200, 400, 600 मीटर दौड़, शामिल थे। वहीं ग्राम भारती के 15 आचार्य ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विजयी खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रतिस्पर्धा मनुष्य के अंदर आत्मविश्वास जगाता है। विपरीत परिस्थितियों में डंटकर मुकाबला करना सीखाता है। खेल में किसी एक की जीत होती है। बाकि



लोग हारते हैं। हारने पर निराशा न हो बल्कि अगली तैयारी पूरे उत्साह से करें जीत का सेहरा आप पर चढ़ेगा। उक्त अवसर पर निजाम सिंह वर्मा प्रभारी प्राचार्य केसदा, किरण ध्रुव सरपंच, श्याम कुमार कश्यप उप सरपंच, डॉ क्रृष्ण कुमार नायक केन्द्रीय अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज क्षत्रिय समाज रायपुर, संतराम वर्मा अध्यक्ष शाला विकास समिति, मुबारक हुसैन अध्यक्ष सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र, मूगेलाल पनिहार पूर्व सरपंच, आनंद यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष सिमगा, छगनलाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष केजू बघेल, प्रेमलता बिसैन, भारती सिंह के उपस्थिति में प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल कूद प्रभारी संतोष चक्रधारी, संजू निर्मल कर,चोवाराम वर्मा, घनश्याम निर्मलकर सरस्वती शिशु मंदिर केसदा के स्टाफ, जिले से आये शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा

